**Roll No.** | | | | | | | |  **SET -1**

Candidates must write the Set No on the title page of the answer book.

# SAHODAYA PRE-BOARD EXAMINATION, 2024-25

## Class X

## Sub: Hindi (B)-085

**Time: 3 hours** **Max. Marks: 80**

**सामान्य निर्देश-**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ
- खंड ‘क’ में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।
- खंड ‘ख’ में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
- खंड ‘ग’ पाठ्यपुस्तक पर आधारित है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड ‘घ’ रचनात्मक लेखन पर आधारित है और उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । पृष्ठों की संख्या **10** है । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।
- प्रश्न का उत्तर देने से पूर्व बाईं तरफ़ उसका क्रमांक अवश्य लिखें ।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। प्रश्न पत्र परीक्षा आरंभ होने से 15 मिनट पूर्व वितरित किया जाएगा। इस अवधि में उत्तर पुस्तिका पर किसी भी प्रश्न का उत्तर लिखने की मनाही है । छात्रों को प्रश्न पत्र में कुछ भी नहीं लिखना चाहिए ।

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1.** | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** | **7** |
| | आज विश्वशांति की आवश्यकता बहुत अधिक और तेज हो गई है। इस अशांति के कई कारण हैं। इनमें से मुख्य कारण यह भी है कि आज विश्व के अनेक सबल राष्ट्र दूसरे निर्बल और शक्तिहीन राष्ट्र को अपने चंगुल में फँसाए रखने के लिए भारी उद्योग किया करते हैं। इसके लिए वे अपनी निजी शक्ति और आवश्यकताओं को बढ़ाते ही जा रहे हैं। इसके साथ ही अपने समर्थकों को अन्य शक्तिहीन और छोटे राष्ट्रों के प्रति उकसाने की | |

| | | |
|---|---|---|
| | कोशिश में बराबर लगे रहते हैं। इस प्रकार से आज पूरा विश्व कई भागों में बँटा हुआ परस्पर विनाश के गर्त में पहुँचने के लिए नित्य उद्योग करते हुए दिखाई देता है। इसलिए आज विश्व शांति की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। विश्व शांति कैसे और किस प्रकार से हो सकती है? यह एक विचारणीय प्रश्न है। इस विषय के लिए हम यह कह सकते हैं कि विश्वशांति के लिए भाईचारे की भावना सबसे पहले जरूरी है। भाईचारे, मेल-मिलाप की भावना और परस्पर हित चिंतन की भावना विश्वशांति के लिए सार्थक प्रयास होगा। विश्वशांति के लिए सभी को अपने ही समान समझना और अपने ही समान आचरण करना, एक ठोस और प्रभावशाली विचार के साथ इस दिशा में एक सार्थक कदम होगा। अगर इस तरह की सद्भावना और श्रेष्ठ विचार प्राणी-प्राणी के मन में उत्पन्न हो जाएगा तो विश्व में किसी प्रकार की अशांति और अव्यवस्था की भावना नहीं होगी और बढ़ी हुई दुर्भावनाएँ समाप्त हो सकती हैं। | |
| (क) | विश्वशांति के लिए किए जाने वाले उपायों में असत्य है-<br>(i) ईर्ष्या, द्वेष और विश्वासघात की भावना<br>(ii) भाईचारे मेल-मिलाप की भावना और परस्पर हित चिंतन की भावना<br>(iii) परस्पर दुख-सुख की भावना और कल्याण स्थापना की भावना<br>(iv) दूसरों को समान समझना और उनसे अपने ही समान आचरण करना | **1** |
| (ख) | निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन **(A):** आज विश्वशांति की आवश्यकता बहुत अधिक और तेज़ हो गई है।<br>कारण **(R):** विश्वशांति और विश्व को समान दशा में लाने के लिए हमें मानव कल्याण का प्रयास करना चाहिए।<br>(i) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों गलत हैं।<br>(ii) कथन **(A)** गलत है, लेकिन कारण **(R)** सही है।<br>(iii) कथन **(A)** सही है, लेकिन कारण **(R)** उसकी गलत व्याख्या करता है।<br>(iv) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों सही हैं तथा कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है। | **1** |
| (ग) | विश्व शांति के लिए दो राष्ट्रों के मध्य कौन-सा तत्व आवश्यक है?<br>(i) परस्पर समानता और सह-अस्तित्व को आत्मसात करना<br>(ii) प्रकृतिगामी दृष्टिकोण का परित्याग करना | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) प्रकृतिवादी दृष्टिकोणों का परित्याग करना<br>(iv) दुर्जनता और दानवता को आत्मसात करना | |
| (घ) | विश्व अशांति का प्रमुख कारण क्या है? | **2** |
| (ङ) | विश्वशांति के लिए सबसे पहले क्या जरूरी है? | **2** |
| **2.** | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** | **7** |
| | भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति धर्म के तानों-बानों, अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की, भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों, हड़प्पा और मोहनजोदड़ो में अच्छी सड़कें, दो मंजिले मकान, स्नान-घर, पक्की ईटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। गुजरात के लोथल नामक स्थान की खुदाई से पता चलता है कि वहाँ नावों से सामान उतारने के लिए 216 × 37 मीटर लंबी-चौड़ी तथा 15 फीट गोदी बनी हुई थी। ये लोग मिट्टी, पत्थर, धातु, हड्डी, काँच आदि की मूर्तियाँ एवं खिलौने बनाने में कुशल थे। धातु से बनी एक मूर्ति में एक नारी को कमर पर हाथ रखे नृत्य मुद्रा में दर्शाया गया है। दूसरी मूर्ति पशुपतिनाथ शिव की तथा तीसरी मूर्ति दाढ़ी वाले व्यक्ति की है। ये तीनों मूर्तियाँ कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं। मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है। मूर्ति की प्रत्येक भावभंगिमा में मूर्तिकार जी-जान लगा देता है। भारत के प्रत्येक कोने में इस प्रकार की विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार-प्रसार ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है। | |
| (क) | भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा का आरंभ हुआ है-<br>(i) मिस्र की सभ्यता से<br>(ii) बेबीलोन की सभ्यता से<br>(iii) मेसोपोटामिया की सभ्यता से<br>(iv) सिंधु घाटी की सभ्यता से | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | मूर्तिकार के लिए कठिन कार्य है-<br>(i) मूर्ति की भावभंगिमा दर्शाना<br>(ii) मूर्ति को सही आकार देना<br>(iii) मूर्ति पर रंग चढ़ाना<br>(iv) मूर्ति को तराशना | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन (A): मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है।<br>कारण (R): मूर्तिकला ईश्वरीय देन है।<br>(i) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।<br>(ii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(iii) कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।<br>(iv) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है। | 1 |
| (घ) | भारत की पहचान पूरे विश्व में किन कारणों से है? | 2 |
| (ङ) | भारत के निर्माण में किन - किन तत्वों का योगदान रहा है**?** | 2 |
| | **खंड- ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| 3. | **'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **4x1=4** |
| (क) | <u>तेज़ चलने वाली गाड़ियाँ</u> प्रायः देर से पहुँचती हैं। रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। | 1 |
| (ख) | विरोध करने वाले व्यक्तियों में कोई नहीं बोला। वाक्य में सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए। | 1 |
| (ग) | अब दरवाज़ा खोला जा सकता है। इस वाक्य में क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए। | 1 |
| (घ) | कमरे में <u>इधर से उधर तक</u> सामान बिखरा पड़ा है। रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। | 1 |
| (ङ) | चित्र बनाने वाली लड़की मेरी बहन है। इस वाक्य में विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए। | 1 |
| 4. | **'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।** | **4x1=4** |
| (क) | नेता की बातें सुने और श्रोता हँस पड़े। सरल वाक्य में बदलकर लिखिए। | 1 |
| (ख) | मैंने एक मोटा व्यक्ति देखा। इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | गीता मेहनत करके प्रथम आई । इस वाक्य का भेद लिखिए । | 1 |
| (घ) | वामीरों सचेत होकर घर की तरफ दौड़ी । संयुक्त वाक्य में बदलिए । | 1 |
| (ङ) | किस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य होते हैं? | 1 |
| 5. | **समास पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए ।** | 4x1=4 |
| (क) | 'सतसई' में विग्रह सहित समास - भेद लिखिए । | 1 |
| (ख) | 'पीला है जो अंबर' शब्द समूह का समास करते हुए समास - भेद लिखिए । | 1 |
| (ग) | 'हरिहर' में विग्रह सहित समास - भेद लिखिए । | 1 |
| (घ) | 'चंद्र है शिखर पर जिसके (शिव)' शब्द समूह का समास करते हुए समास - भेद लिखिए । | 1 |
| (ङ) | निम्नलिखित युग्मों में कौन-सा एक सुमेलित नहीं है?<br>**समस्त पद** — **समास**<br>(i) हस्तलिखित — (क) तत्पुरुष<br>(ii) कमलनयन — (ख) कर्मधारय<br>(iii) नीलकंठ — (ग) अव्ययीभाव<br>(iv) भाई-बहन — (घ) द्वंद्व | 1 |
| 6. | **निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 4x1=4 |
| (क) | 'भारतीयों ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।' इस वाक्य में से मुहावरा चुनकर लिखिए । | 1 |
| (ख) | 'अयोग्य व्यक्ति को योग्य वस्तु मिलना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा लिखिए । | 1 |
| (ग) | 'विष घोलना' मुहावरे से वाक्य निर्माण कीजिए । | 1 |
| (घ) | वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का________ कर दिया । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान को पूरा कीजिए । | 1 |
| (ङ) | 'थाली का बैंगन होना' मुहावरे का क्या अर्थ है**?** | 1 |
| | **खंड- ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक)** | |
| 7. | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** | 5x1=5 |
| | मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी, उस जगह को तो भोर में छः बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था, पर तब भी कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया। श्रद्धानंद पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने | |

| | | |
|---|---|---|
| | झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया तथा और लोगों को मारा या हटा दिया। तारा सुंदरी पार्क में बड़ा बाज़ार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए पर वे भीतर न जा सके। वहाँ पर काफी मारपीट हुई और दो–चार आदमियों के सर फट गए। गुजराती सेविका संघ की ओर से जुलूस निकला जिसमें बहुत सी लड़कियाँ थीं उनको गिरफ्तार कर लिया। | |
| **(क)** | सभा कहाँ होने वाली थी?<br>(i) सभागार में<br>(ii) राज्यसभा मे<br>(iii) मोनुमेंट के नीचे<br>(iv) सड़क पर | **1** |
| **(ख)** | सभा कब होने वाली थी?<br>(i) प्रातः को<br>(ii) दोपहर को<br>(iii) शाम को<br>(iv) मध्य रात्रि को | **1** |
| **(ग)** | सभा होने वाली जगह को किसने घेर रखा था?<br>(i) भीड़ ने<br>(ii) पुलिस ने<br>(iii) नेताओं ने<br>(iv) सफ़ाई कर्मचारियों ने | **1** |
| **(घ)** | अविनाश बाबू ने झंडा कहाँ पर गाड़ा था?<br>(i) सड़क पर<br>(ii) श्रद्धानंद पार्क में<br>(iii) जेल में<br>(iv) अपने घर के आँगन में | **1** |
| **(ङ)** | निम्नलिखित कथन (**A**) तथा कारण (**R**) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन (**A**): श्रद्धानंद पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण (**R**): वहाँ पर काफी मारपीट हुई और दो–चार आदमियों के सर फट गए।<br>(i) कथन (**A**) तथा कारण (**R**) दोनों गलत हैं।<br>(ii) कथन (**A**) गलत है लेकिन कारण (**R**) सही है।<br>(iii) कथन (**A**) सही है**,** और कारण (**R**) उसकी गलत व्याख्या है।<br>(iv) कथन (**A**) तथा कारण (**R**) दोनों सही हैं। तथा कारण (**R**) कथन (**A**) की सही व्याख्या करता है। | |
| **8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए\|** | **3x2=6** |
| **(क)** | लेखक के इस कथन से कि फ़िल्म तीसरी कसम कोई सच्चा कवि हृदय ही बना सकता था । आप कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए । | **2** |
| **(ख)** | गांधी जी में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी; उदाहरण सहित इस बात की पुष्टि कीजिए। | **2** |
| **(ग)** | लेफ्टीनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है? | **2** |
| **(घ)** | सिद्ध कीजिए कि बड़े भाई साहब एक आदर्शवादी व्यक्ति थे । | **2** |
| **9.** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** | **5x1=5** |
| | ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर<br>जान देने की रुत रोज आती नहीं<br>हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे<br>वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं<br>आज धरती बनी है दुलहन साथियों<br>अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों | |
| **(क)** | प्रस्तुत पद्यांश में दुल्हन'............. कहा गया है।<br>(i) धरती को<br>(ii) आकाश को<br>(iii) देशभक्त को<br>(iv) दुश्मन सैनिक को | **1** |
| **(ख)** | पद्यांश के अनुसार, किसके लिए जान देने की रुत रोज नहीं आती?<br>(i) मित्र के लिए<br>(ii) धर्म के लिए | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) देश के लिए<br>(iv) प्रेम के लिए | |
| (ग) | पद्यांश में कैसी जवानी को व्यर्थ माना गया है?<br>(i) जो दूसरों को न सताए<br>(ii) जो जबरदस्ती किसी का धन न छीने<br>(iii) जो देश के लिए खून न बहाए<br>(iv) जो अपनी बहादुरी दूसरों को न दिखाए | **1** |
| (घ) | बलिदान न देने वाला यौवन किन्हें बदनाम करता है?<br>(i) आलस और मेहनत को<br>(ii) दुष्टता और सज्जनता को<br>(iii) पुरुष और नारी को<br>(iv) सुंदरता और प्रेम को | **1** |
| (ङ) | कथन (**A**) वह जवानी व्यर्थ है, जो देश की रक्षा में काम न आए।<br>कारण (**R**) युवाओं का सौंदर्य और प्रेम तभी सार्थक है, जब वे देश के लिए खून बहाते हैं।<br>(i) कथन (**A**) तथा कारण (**R**) दोनों गलत हैं।<br>(ii) कथन (**A**) गलत है लेकिन कारण (**R**) सही है।<br>(iii) कथन (**A**) सही है**,** और कारण (**R**) उसकी गलत व्याख्या है।<br>(iv) कथन (**A**) तथा कारण (**R**) दोनों सही हैं। तथा कारण (**R**) कथन (**A**) की सही व्याख्या करता है। | **1** |
| **10**. | **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** | **3X2=6** |
| (क) | ‘आत्मत्राण’ कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है? | **2** |
| (ख) | 'मनुष्यता 'कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? | **2** |
| (ग) | 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने इस शब्द का प्रयोग यहाँ क्यों किया है? | **2** |
| (घ) | 'तोप' कविता में गौरैया द्वारा क्या बताया गया है? | **2** |
| **11.** | **पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए-** | **2X3=6** |
| (क) | ‘हरिहर काका’ कहानी वर्तमान समय में पारिवारिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में हुए नैतिक पतन को दर्शाती है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | आज की शिक्षा-व्यवस्था में विद्यार्थियों को अनुशासित बनाए रखने के लिए क्या तरीके निर्धारित हैं? पाठ में अपनाई गई विधियाँ आज के संदर्भ में कहाँ तक उचित लगती हैं? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। | **3** |
| (ग) | 'टोपी शुक्ला' कहानी सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देती है। जीवन मूल्यों के संदर्भ में इस कथन को स्पष्ट करें। | **3** |
| | **खंड- घ (रचनात्मक लेखन)** | |
| **12.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।** | **1x5=5** |
| | **(i) फ़िल्मों की दुनिया में साहित्य**<br>• साहित्य और फ़िल्म का संबंध<br>• साहित्य का महत्व<br>• फ़िल्म की भूमिका<br>**(ii) हर घर तिरंगा**<br>• तिरंगे का परिचय<br>• तिरंगा अभियान का प्रारंभ<br>• उद्देश्य<br>• निष्कर्ष<br>**(iii) राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का योगदान**<br>• राष्ट्र की शक्ति का मुख्य आधार : युवा<br>• युवा तथा राष्ट्र: एक सिक्के के दो पहलू<br>• सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में सक्षम | |
| **13.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** | **1x5=5** |
| | आप वंश/वंशिका हैं । आप रायपुर जिले के निवासी हैं । आपके जिले में खाद्य पदार्थ में काफ़ी मिलावट के कारण गंभीर समस्याएँ पैदा हो रही हैं । इसकी शिकायत करते हुए अपने जिलाधिकारी के नाम पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>आप आदित्य/अदिति हैं । आप इंदौर मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं । आपकी सूचना पर दैनिक भास्कर द्वारा आपके शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस कार्य की प्रशंसा करते हुए संपादक को पत्र लिखिए । | |

| | | |
|---|---|---|
| **14.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग** 60 **शब्दों में सूचना लिखिए।** | **1x4=4** |
| | आप शक्ति नगर निवासी अमन/ अमृता हैं। आप अपने क्षेत्र के निवासी कल्याण संघ के सचिव हैं। अपने क्षेत्र में लगने वाले चिकित्सा शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।<br>**अथवा**<br>पुलिस थाना, सिविल लाइंस, लुधियाना के थानाध्यक्ष की ओर से एक सूचना लिखिए, जिसमें नगरवासियों को शहर में निरंतर बढ़ रही वाहन चोरियों के प्रति सतर्क किया गया हो। | |
| **15.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग** 40 **शब्दों में विज्ञापन लिखिए।** | **1x3=3** |
| | पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगभग 40 शब्दों के अंतर्गत एक विज्ञापन तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>अपनी दुकान को किराये पर उठाने के लिए लगभग 40 शब्दों के अंतर्गत एक विज्ञापन तैयार कीजिए **\|** | |
| **16.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लघुकथा/ई-मेल लिखिए।** | **1x5=5** |
| | एक दिन सुबह जब मैं स्कूल जाने के लिए तैयार हो रही थी/रहा था। तभी अचानक से पिताजी को स्कूल से फोन आया............... । इस पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।<br>**अथवा**<br>आप युवान/युविका हैं । आप दीप नगर में रहते हैं। आपके पिताजी का दूसरे शहर जगतपुर में तबादला हो गया है, इस कारण आपको अपना बैंक खाता एस. बी. आई जगतपुर में स्थानांतरित करना पड़ रहा है । इसके लिए अपने बैंक के शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों मे ई-मेल लिखिए । | |